# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिये चुनाव प्रचार कल शाम हुआ समाप्त। आखिरी चरण के मतदान के लिये आज मतदेय स्थलों को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।
- चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत। रक्षामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह समेत सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कीं जनसभाएं।
- सपा नेता आज़म खान को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने चर्चित डूंगरपुर मामले में सुनाई दस साल की सजा। लगाया चौदह लाख रूपये का जुर्माना।
- हाथरस से जम्मू जा रही तीर्थयात्रियों की बस जम्मू के अखनूर में गहरी खाई में गिरी। बीस यात्रियों की हुयी मौत, पन्द्रह हुए घायल।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों में हुयी हल्की वर्षा से लोगों को गर्मी से मिली राहत।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिये चुनाव प्रचार कल शाम पांच बजे समाप्त हो गया। इस चरण में प्रदेश की तेरह लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज के लिये एक जून को मतदान होगा। इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये कुल एक सौ चौवालीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें एक सौ चौतीस पुरूष और दस महिला प्रत्याशी शामिल हैं। प्रदेश में आखिरी चरण में सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। वहां के चुनावी परिदृश्य पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट.........

***सातवें चरण की यह 13 सीटें प्रदेश के पूर्वांचल इलाके में आती हैं। इसको देखते हुए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। विशेषतौर सोनभद्र जिले में जिसकी सीमाएं बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ चार राज्यों से भी मिलती हैं। गोरखपुर और कुशीनगर जिले की पड़ोसी देश नेपाल अतंर्रष्ट्रीय सीमा पर एसएसबी के जवान गहनता से जांच कर रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को लोकसभा क्षेत्र को छोड़कर जाने को कह दिया गया है, जो वहां के वोटर नहीं है। जिन 13 सीटों पर शनिवार को मतदान होगा उनमें से 11 सीटें पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीती थी। वहीं घोसी और गाजीपुर सीट पर विपक्षी दलों का कब्जा था। आखिरी चरण के मतदान में कई दिग्गज उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है। जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रवि किशन, केन्द्रीय मंत्री महेन्द्रनाथ पाण्डेय, पंकज चौधरी और अनुप्रिया पटेल के अलावा प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार अजय राय, अफजाल अंसारी, पिंटू सैंथवार, वीरेन्द्र चौधरी, सनातन पाण्डेय और रमेश बिंद शामिल है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के मतदान को सकुशल, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिये आज मतदेय स्थलों के लिये पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिये सातवें चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों और मतदेय स्थलों पर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिये गये हैं। श्री रिणवा ने आखिरी चरण के मतदाताओं से बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की है।

***लोगसभा समान्य निर्वाचन 2024 के 7 चरण में एक जून को उत्तर प्रदेश के 13 लोगसभा निर्वाचन क्षेत्रों मतदान होगा। इन क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।***

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण की तेरह सीटों पर मतदान के लिए प्रचार के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों ने अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में ताकत झोंकी। दलों के स्टार प्रचारकों और नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के जनसभाए, रैलियां और रोड–शो किये। इसी क्रम में रक्षामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कल कुशीनगर, राबर्ट्सगंज और चंदौली निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन यादव ने कल कुशीनगर, राबर्ट्सगंज में रोड–शो किया। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल महराजगंज और घोसी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा कर इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिये वोट मांगे।

**********

पूर्व कैबिनेट मंत्री और सपा नेता आज़म खान को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने चर्चित डूंगरपुर मामले में दस साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आजम खान को दोषी मानते हुए उन पर चौदह लाख जुर्माना भी लगाया है। एमपी एमएलए कोर्ट ने आजम खान को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था। अभी आजम खां सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी पेशी हुई थी। साल दो हजार सोलह में डूंगरपुर बस्ती में रह रहे लोगों के मकान तोड़कर सरकारी आसरा कॉलोनी बनाई गई थी। साल दो हजार उन्नीस में बारह लोगों ने थाना गंज कोतवाली में इस मामले में अलग–अलग

प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप था कि तत्कालीन सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर घरों को जबरन खाली कराया गया था।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हुई बूंदाबादी से लेकर हल्की वर्षा से राहत मिली है। गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में कल शाम से लेकर आज सुबह तक तेज हवा चलने और कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की खबर है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। कौशाम्बी में भी मौसम के बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। उधर, कल पड़ी भीषण गर्मी ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में झांसी में अधिकतम तापमान उन्चास डिग्री सेल्सियस पहुंचने के बाद पिछला रिकार्ड टूट गया है। इससे पहले उन्नीस सौ चौरासी में झांसी में अधिकतम तापमान अड़तालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसी तरह प्रयागराज में कल अधिकतम तापमान अड़तालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले जून उन्नीस सौ उन्यासी में इतना तापमान प्रयागराज में दर्ज किया गया था। लखनऊ मौसम केन्द्र वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि तापमान में अब और बढ़ोत्तरी नहीं होगी, बल्कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में कमी आयेगी।

**********

जम्मू–कश्मीर में कल दोपहर जम्मू जिले के अखनूर में तुंगी मोड़ इलाके में हाथरस से तीर्थयात्रियों को जम्मू ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से बीस यात्रियों की मौत हो गई और पन्द्रह अन्य घायल हो गए। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि घायलों को अखनूर के अस्पताल में भेजा गया है। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में अधिकतर तीर्थयात्री प्रदेश के हाथरस, अलीगढ़ और मथुरा के रहने वाले थे।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान उनके पारिवारिक जन भी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री शाह ने उपस्थित दर्शनार्थियों से भी मुलाकात की।

**********

पुडुचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। उप राज्यपाल किरण बेदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि रामलला के दर्शन करने का मौका मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले की अयोध्या और आज की अयोध्या में काफी अंतर आ गया है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कल हनुमानगढ़ी और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद कहा कि अयोध्या आकर खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार वह प्रभु का दर्शन करने पहुंचे हैं। कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेडिटेशन पर उठाए जा रहे सवाल पर उन्होंने कहा कि ध्यान लगाना और प्रार्थना करना हमारे जीवन का अभिन्न अंग है।

**********